आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरुवार 14.08.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- प्रदेश में समान नागरिक संहिता नियमावली के तहत विवाह पंजीकरण शुल्क की छूट की समय सीमा को आगामी 26 जनवरी तक बढ़ाया गया।
- प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में रुक–रुक कर बारिश का दौर जारी। विभिन्न जिलों में आज भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट।
- टिहरी जिले के कलस्टर विद्यालयों में शीघ्र ही भवन निर्माण और अन्य अवस्थापना कार्य शुरु होंगे।
- अल्मोड़ा में नशामुक्त भारत अभियान के तहत शपथ और हस्ताक्षर कार्यक्रमों का आयोजन।

## यूसीसी समय सीमा

प्रदेश के नागरिकों के हित में समान नागरिक संहिता– यूसीसी नियमावली के तहत विवाह पंजीकरण शुल्क की छूट की समय सीमा को आगामी 26 जनवरी तक बढ़ा दिया गया है। सरकार ने विवाह पंजीकरण के लिए नागरिकों की सहभागिता को और अधिक प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया है। इस संबंध में गृह विभाग ने एक अधिसूचना जारी कर स्पष्ट किया है कि यूसीसी नियमावली के अंतर्गत ऐसे व्यक्ति जिनका विवाह इस संहिता के लागू होने से पूर्व पंजीकृत या तलाक की डिग्री घोषित हुई हो या विवाह निरस्त हुआ हो व अन्य कारण हों। ऐसे मामलों में विवाह पंजीकरण के लिए पूर्व की अधिसूचना द्वारा निर्धारित पंजीकरण शुल्क 250 रुपये की दी गई छूट की समय–सीमा को 26 जनवरी, 2026 तक के लिए बढ़ा दिया गया है।

## मौसम

प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में रुक–रुक कर बारिश का दौर जारी है। पर्वतीय इलाकों में बारिश और भूस्खलन से कई सड़कें बाधित हैं, जिन्हें खोलने के प्रयास किए जा रहे हैं। बारिश से राज्य की प्रमुख नदियों के जल स्तर में बढ़ोतरी हुई है। इस बीच, राज्य के विभिन्न जिलों में आज भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। भारी बारिश की चेतावनी को देखते हुए अधिकतर जिलों में आज स्कूलों और आगनबाड़ी केंद्रों में अवकाश घोषित किया गया है। चम्पावत जिले में बारिश से नदी–नाले उफान पर हैं। टनकपुर–पिथौरागढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग स्वाला और सन्तोला में बाधित है। लगातार मलबा आने से सड़क खोलने में दिक्कतें आ रही हैं। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि बारिश को देखते हुए सभी अधिकारियों को अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि  लगातार बारिश के कारण सड़कों में मलबा आने व भूस्खलन को देखते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग पर रात में आवागमन बंद किया गया है।

उधर, बागेश्वर जिले में लगातार हो रही बारिश से सरयू और गोमती नदियां उफान पर हैं। जिले में 16 मोटर मार्ग भूस्खलन के कारण बंद हैं।

बारिश से दर्जनो मकानों को भी नुकसान पहुंचा है, जबकि, कई स्थानों पर पेयजल और बिजली आपूर्ति भी प्रभावित हुई है। जिला प्रशासन लगातार लोगों से नदी किनारे न जाने की अपील कर रहा है। भारी बारिश की चेतावनी को देखते हुए जिले में स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र भी बंद हैं।

धराली आपदा

उत्तरकाशी जिले के आपदा प्रभावित धराली हर्षिल क्षेत्र से रेस्क्यू कर लाए गए स्थानीय लोगों को प्रशासन की ओर से दैनिक जरूरत का सभी सामान वितरित किया जा रहा है। आपदा प्रभावित ऐसे लोग जो जिला मुख्यालय सहित मातली, बड़ेथी, ज्ञानसु, नेताला, गणेशपुर और भेला टिपरी आदि गांवों में प्रवास कर रहे हैं, प्रशासन उनके घर–घर जाकर खाद्यान्न सामग्री का वितरण कर रहा है। प्राप्त सूचना के अनुसार अभी तक लगभग 171 किटों को प्रभावितों तक वितरित किया जा चुका है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की घोषणा के अनुरूप जिला प्रशासन द्वारा धराली गाँव के आपदा प्रभावित 112 परिवारों को पांच लाख रुपए प्रति परिवार के दर से तात्कालिक सहायता की धनराशि के चेक वितरित किये जा चुके हैं। आज जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने हर्षिल क्षेत्र में बनी अस्थायी झील का निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होंने कहा कि झील के मुहाने से जल का प्रवाह सुचारू रूप से हो रहा है, जिससे तात्कालिक रूप से किसी बड़े खतरे की आशंका नहीं है। हालांकि नदी के किनारे में बहाव को अवरोध उत्पन्न कर रहे मलबे को हटाने की दिशा में युद्धस्तर पर मैनुअल रूप से कार्य किया जा रहा है।

कलस्टर विद्यालय

टिहरी जिले में कलस्टर विद्यालय योजना के तहत चिन्हित पांच राजकीय इंटर कॉलेजों में शीघ्र ही भवन निर्माण और अन्य अवस्थापना के कार्य शुरू किए जाएंगे। इन विद्यालयों में विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए कार्यदायी संस्था सिंचाई विभाग के परियोजना खंड ऋषिकेश की ओर से 10 करोड़ 65 लाख रुपये का आगणन तैयार किया है। विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत की ओर से इस पर अनुमोदन दे दिया गया है। शीघ्र ही इन विद्यालयों में निर्माण कार्य के लिये धनराशि अवमुक्त कर दी जाएगी। गौरतलब है कि विद्यालयी शिक्षा को और उन्नत बनाने और एक ही परिसर में कक्षा छह से लेकर कक्षा बारह तक के छात्र–छात्राओं को बेहतर शिक्षा व सुविधा उपलब्ध करने के दृष्टिगत राज्य सरकार ने कलस्टर विद्यालयों की स्थापना का निर्णय लिया है। इस योजना के तहत विभिन्न जिलों में विद्यालयों का चयन कर उन्हें कलस्टर विद्यालयों में परिवर्तित किया जा रहा है।

नशामु  क्त अभियान अल्मोड़ा

अल्मोड़ा के कलेक्ट्रेट परिसर और विकास भवन परिसर में नशामुक्त भारत अभियान के तहत शपथ और हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी आलोक कुमार पांडे ने अधिकारियों, कार्मिकों और लोगों को नशा मुक्त भारत की शपथ दिलाकर, नशा मुक्त अभियान के लिए हस्ताक्षर किए। जिलाधिकारी आलोक कुमार पांडे ने सभी लोगों को नशा मुक्त भारत के लिए संदेश दिया। उन्होंने कहा कि अल्मोड़ा में नशा  मुक्ति के लिए पुलिस और प्रशाशन द्वारा संयुक्त कार्यवाही की जा रही है, ताकि अल्मोड़ा को नशा मुक्त बनाया जा सके।

उधर, विकास भवन परिसर में मुख्य विकास अधिकारी राम जी शरण शर्मा ने विभागीय अधिकारियों और कार्मिकों को नशा मुक्त भारत की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि अल्मोड़ा में नशा मुक्ति केन्द्र का टोल फ्री नंबर जारी किया गया है, इसलिए मिलकर इस बुराई को खत्म करें।

स्वतंत्रता दिवस

79वें स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर देहरादून के परेड ग्राउंड में आयोजित होने वाली रैतिक परेड की फुल ड्रेस रिहर्सल का वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश दिये। स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर मुख्य समारोह स्थल परेड ग्राउंड देहरादून में तैयारियां चल रही हैं। स्वतन्त्रता दिवस की परेड में 10 प्लाटून भाग लेंगी। इनमें देहरादून पुलिस, आईटीबीपी, सीआरपीएफ, 40वीं वाहिनी पीएसी आदि शामिल हैं।

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी

रुद्रप्रयाग के जिलाधिकारी प्रतीक जैन ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवारों से संवाद करते हुए उनकी समस्यायें सुनीं। इस मौके पर कुल 10 शिकायतें दर्ज हुईं, जिसमें छह का मौके पर निस्तारण किया गया। जिला सभागार में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवारों के साथ संवाद में जिलाधिकारी ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी हमारे राष्ट्र की अमूल्य विरासत हैं, उनका सम्मान प्रशासन की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सेनानियों की दर्ज समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण किया जाएगा।